Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the establishment of industries in Nanded.

श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर (नांदेड़) : माननीय सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र नांदेड़ मराठवाड़ा क्षेत्र का एक मुख्य शहर है । यह गुरू गोबिंद सिंह जी की विश्व प्रसिद्ध `गुरू की गद्दी गुरूद्वारा` की धरती है । यहां विश्व भर से धार्मिक और व्यावसायिक दृष्टि से लोगों का आवागमन होता है ।

महोदय, सरकार से मेरी प्रमुख मांग यह है कि सरकार नांदेड़ में एक बड़ा उद्योग स्थापित करने का कदम उठाए । नांदेड़ ही नहीं, दूर-दूर तक ऐसा कोई उद्योग स्थापित नहीं है, जहां इस क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मिल सके । मुझे यह कहने में दु:ख होता है कि नांदेड़ में देश के बड़े-बड़े नेता आए, वर्षों राज किया और चले गए, लेकिन कभी इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास के बारे में कोई विचार तक नहीं किया ।

महोदय, हमारे पास उद्योग खोलने के लिए सभी संसाधान मौजूद हैं । इससे जो भी आवश्यकताएं उद्योग स्थापित करने के लिए होंगी, उनकी पूर्ति हो सकती है । जनता और हम जनप्रतिनिधि भी पूर्ण रूप से इसमें सहयोग करने के लिए सरकार के साथ खड़े हैं । किसी भी अवस्था में सरकार इस ओर अपना ध्यान आकर्षित करे और नांदेड़ में एक बड़ा उद्योग स्थापित करने हेतु आवश्यक कदम उठाए, ताकि जिले के ग्रामीण किसानों एवं हर वर्ग के शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार का रास्ता खुले । धन्यवाद ।